INDIAN SCHOOL SOHAR **SET -1**

FORMATIVE ASSESSMENT -4 (2015-16)

कक्षा ः 10 **विषय ः हिन्दी (पाठ्य□म ब)** **पूर्णांक ः 20**

दिनांक ः -1-2016 **समय ः 40 मिनट**

निर्देश ः
1 इस प्रश्नपत्र में कुल **9** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका □मांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न - 1 **अपठित गद्यांश ः** **4**

आग के आविष्कार में कदाचित पेट की ज्वाला की प्रेरणा एक कारण रही। सुई–धागे के आविष्कार में शायद शीतोष्ण से बचने तथा शरीर को सजाने की प्रवृत्ति का विशेष हाथ रहा। अब कल्पना कीजिये उस आदमी की जिसका पेट भरा है, जिसका तन ढँका है, लेकिन जब वह खुले आकाश के नीचे सोया हुआ रात के जगमगाते तारों को देखता है, तो उसको केवल इसलिए नींद नहीं आती क्योंकि वह यह जानने के लिए परेशान है कि आखिर यह मोती भरा थाल क्या है ? पेट भरने और तन ढँकने की इच्छा मनुष्य की संस्कृति की जननी नहीं है। पेट भरा और तन ढँका होने पर भी ऐसा मानव जो वास्तव में संस्कृत है, निठल्ला नहीं बैठ सकता। हमारी सभ्यता का एक बड़ा अंश हमें ऐसे संस्कृत आदमियों से ही मिला है, जिनकी चेतना पर स्थूल भौतिक कारणों का प्रभाव प्रधान रहा है, किंतु उसका कुछ हिस्सा हमें मनीषियों से भी मिला है जिन्होंने तथ्य–विशेष को किसी भौतिक प्रेरणा के वशीभूत होकर नहीं, बल्कि उनके अपने अंदर की सहज संस्कृति के ही कारण प्राप्त किया है। रात के तारों को देखकर न सो सकने वाला मनीषी हमारे आज के ज्ञान का ऐसा ही प्रथम पुरस्कर्ता था।

ऊपर दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न - क) आग और सुई–धगे का आविष्कार मानव ने क्यों किया होगा ?

प्रश्न- ख) आकाश के नीचे सोया आदमी क्या सोचकर परेशान रहता है ?

प्रश्न - ग) हमें अपनी सभ्यता का बड़ा अंश किससे मिला ?

प्रश्न - घ) ज्ञान का प्रथम पुरस्कर्ता किसे कहा गया ?

प्रश्न -2 क) रेखांकित पदों के भेद बताइए। 1

दूसरा बालक तेज दौड़ा।

ख) निम्न समासों का विग्रह करके भेद लिखिए। 1

नीलांबुज , रसोईघर

प्रश्न - 3 निम्न वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए। 1

रवि गणित पढ़ने के लिए शर्माजी के घर गया।

प्रश्न - 4 निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग करके वाक्य बनाइए ः 1

काम तमाम करना

प्रश्न - 5 वाक्य शुद्ध करो । 1

क) घायल सैनिक का प्राण निकल गया।

ख) मुझे केवल मात्र दस □पये चाहिए।

प्रश्न – 6 कवयित्री को आकाश के तारे स्नेहहीन से क्यों प्रतीत हो रहे हैं ? 'मधुर मधुर मेरे दीपक जल' कविता के आधार पर लिखिए । 2

प्रश्न - 7 चाय पीने के बाद लेखक ने स्वयं में क्या परिवर्तन महसूस किया ? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए । 3

प्रश्न – 8 टोपी शुक्ला के परीक्षा में असफल होने में आप किसे जिम्मेदार मानते हैं ? इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। 3

प्रश्न - 9 विज्ञापन लेखन : 3

किसी काल्पनिक कंपनी के नए लैपटॉप के प्रचार हेतु एक विज्ञापन प्रस्तुत कीजिए।

....